an>

Title: Need to complete the construction of 'Sagri Mahamarg' connecting Gujarat and Maharashtra.

श्री चिन्तामन नावाशा वांगा (पालघर): अध्यक्ष महोदया। देश का सबसे ज्यादा ट्रैफिक वाला और महत्वपूर्ण मुंबई-अहमदाबाद हाइवे है। यह हाइवे अभी छः लेन का है, वहां अब आठ लेन का हाइवे प्रस्तावित है।

मुम्बई-अहमदाबाद के पश्चिम में, 15 किलोमीटर की दूरी पर, सांकरी महामार्ग का काम चालू है, जिसका काम गुजरात तक पूरा हुआ है, लेकिन पैसा होने के बावजूद, मुम्बई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग और सांकरी महामार्ग के दरम्यान 15 किलोमीटर की दूरी पर, मुम्बई-वडोडरा-द्रुतगति महामार्ग प्रस्तावित है। इस रास्ते का सर्वे भी चालू है। मेरा सवाल है कि 15 किलोमीटर के बीच में क्या तीसरे हाई-वे की जरुरत है? मेरा कहना है कि मुम्बई हाई-वे आठ-लेन और सांकरी महामार्ग शुरु होने के बाद, इस महामार्ग की जरूरत नहीं है। भविष्य में सांकरी सुरक्षा के लिए सांकरी मार्ग की अत्यन्त जरूरत है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वडोडरा-मुम्बई-द्रुतगति महामार्ग शुरु न करें और सांकरी महामार्ग तुरंत पूरा करें।